# सर्वनाम

**PRESENTED BY:**
**AMIT KUMAR PANDEY**

# सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को सर्वनाम कहते है।





मैं फुटबॉल खेल रहा हूँ।

(Mein football khel raha hu.)



सबलोग परीक्षा में पास हो गए।

(Sab log pariksha mai pass ho gaye.)

तुम कहां जा रहे हो ?

(Tum kahan ja rehe ho.)

# सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किये जाने वाले शब्द **सर्वनाम** कहलाते हैं।

जैसे:– मैं, हम, तू, तुम, वह, यह, आप, कौन, कोई, जो आदि।

सर्वनाम के छः भेद होते हैं:–

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को सर्वनाम कहते हैं।

## सर्वनाम के भेद

१. पुरुषवाचक सर्वनाम (PERSONAL PRONOUN)
२. निश्चयवाचक सर्वनाम (DEFINITE PRONOUN)
३. अनिश्चयवाचक सर्वनाम (INDEFINITE PRONOUN)
४. संबंधवाचक सर्वनाम (RELATIVE PRONOUN)
५. प्रश्नवाचक सर्वनाम (INTERPROGATIVE PRONOUN)
६. निजवाचक सर्वनाम (REFLEXIVE PRONOUN)

# (1) पुरुषवाचक सर्वनाम

**"बोलनेवाले, सुननेवाले तथा अन्य पुरुष की संज्ञा के स्थान पर जिन सर्वनामों का प्रयोग होता हैं, उन्हे पुरुषवाचक सर्वनाम कहा जाता हैं ।"**

**पुरुषवाचक सर्वनाम पुरुष या स्त्री के नाम के बदले आते हैं । जैसे कि -**

<u>मै</u> बाज़ार गया था ।

<u>हम</u> क्रिकेट खेल रहे थे ।

<u>तुम</u> दूध लेकर आओ।

<u>वह</u> पढ़ रहा है ।

<u>आप</u> कितनी देर से आएँ हैं ।

# (2) निश्चयवाचक सर्वनाम

- **"जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसे निश्चियवाचक सर्वनाम कहते हैं ।"**
- **"जिस सर्वनाम से वक्ता के पास या दूर की वस्तु का बोध होता है, उसे निश्चियवाचक सर्वनाम कहते है ।"**
- जैसे कि - यह, ये, वह, वे आदि ।
- यह मेरा कमरा है ।
- यह हमारा गाँव है ।
- यह हमारा गाँव है ।
- वह पक्षी मुझे बहुत पसंद है।
- वे हमारी किताबें हैं ।

# (3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

- **"जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध न हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते है ।"**

- जैसे कि- कोइ, कुछ,किसीको, किसीसे आदि ।

1. माता के दरबार से <u>कोई</u> निराश नही लौटा ।
2. पड़ोस में <u>कोई</u> मेहमान आया है ।
3. बचा हुआ खाना <u>किसी को </u>दे दो ।
4. <u>कुछ</u> लोग हल्ला मचा रहे हैं ।
5. यह प्रश्न <u>किसी से </u>हल नही हुआ ।

# (4) संबंधवाचक सर्वनाम

- "जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दुसरे सर्वनाम का संबंध स्थापित किया जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते है ।"
- जैसे कि - जो-सो, जैसा-तैसा, जिसकी-उसकी आदि ।
- जैसा करोगे वैसा भरोगे ।
- वह जो न करे सो थोड़ा ।
- जिसकी लाठी उसकी भैंस ।
- जिसने चोरी की वह भाग गया ।
- जो मेहनत करेगा सो फल पाएगा ।

# (5) प्रश्नवाचक सर्वनाम

- "जिन सर्ननामो का प्रयोग प्रश्न करने के लिए होता है, उन्हे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है ।"
- "किसी व्यक्त या वस्तु के बारे में कुछ प्रश्न पूछने के लिए प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग होता है ।"
- जैसे कि - कौन, क्या, कैसे, किसको, किसका, कब, कहाँ आदि ।
- आज कौन परीक्षा देने नही आया ?
- पर्यटन में कहाँ जाना है ?
- आपके पिताजी बाज़ार से क्या लाए है ?
- मनोज पहाड़ कैसे चढ़ेगा ?
- किसके पैसे गिर गए ?

# (6) निजवाचक सर्वनाम

- **"जिस सर्ननाम से पुरुषवाचक सर्वनाम को अपने आप का बोध होता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते है ।"**
- **"जिन सर्ननामो का प्रयोग स्वयं के लिए होता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते है ।"**
- **यह कर्ता का बोधक है किन्तु स्वयं कर्ता नही है ।**
- जैसे कि - आप, स्वयं, खुद, स्वतः, अपनी, अपने आप आदि ।
- वह अपने आप से बात कर रहा है ।
- यह मीठाई मैं स्वयं लाया हूँ ।
- वह औरों से नहीं अपनो से हार गया ।
- मैं खुद यात्रा पर जा रहा हूँ ।
- आप भला तो जग भला ।

# Thank-you

